तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 गणेश चतुर्थी की धूम, बप्पा के भव्य आगमन ...



14 भोजली विसर्जन ...



## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता आयोग ने दिलाया बीमा क्लेम

**बलौदाबाजार** | एक्सीडेंटल बीमा क्लेम खारिज करने पर उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए 1.25 लाख रुपये बीमा क्षतिपूर्ति, 10 हजार रुपये मानसिक-आर्थिक क्षति और 5 हजार रुपये वाद व्यय देने का आदेश दिया है। आवेदक बोधराम टंडन ने एक्सिस बैंक बलौदाबाजार के माध्यम से एक्सीडेंटल बीमा लिया था, जिसमें उनके परिवार को भी कवर दिया गया था। दुर्घटना में पुत्र को चोट पहुंचने पर क्लेम किया गया, जिसे बीमा कंपनी ने यह कहकर खारिज कर दिया कि पुत्र अब वयस्क है और प्रमाण पत्र संदिग्ध है। आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ऐसी कोई शर्त नहीं दर्शा सकी और दुर्घटना के समय पॉलिसी प्रभावी थी। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस को आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर राशि अदा करने का निर्देश दिया गया।

### आज हरितालिका तीज





**खरोरा**। छत्तीसगढ़ में हरितालिका तीज से पहले सोमवार को करू भात की परंपरा निभाई जा रही है। महिलाएं शाम को करेला-भात खाकर व्रत की शुरुआत करती हैं और खीरा खाकर सोती हैं ताकि निर्जला व्रत सही ढंग से रखा जा सके। छत्तीसगढ़ी संस्कृति में तीज व्रत मायके में मनाने की परंपरा है, जिससे बेटियों का आगमन घर-आंगन को उल्लासमय बना देता है। बाजारों में करेले की भारी मांग देखी गई। मंगलवार को महिलाएं निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा करेंगी और पति की दीर्घायु व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। तीजा पर्व को छत्तीसगढ़ में माताओं का सबसे बड़ा महापर्व माना जाता है।

### चाकू लेकर दहशत फैलाने वाला हुआ गिरफ्तार



**भाटापारा**। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है। ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त को समाधान सेल में सूचना मिला की एक आरोपी द्वारा ग्राम तरेंगा बस्ती रोड में धारदार चाकू दिखाते हुए आने जाने शेष पेज 31 पर

# नहर में पानी नहीं, किसान चिंतित: धान की फसल पर है संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भवानीपुर

नहर क्रमांक 1 (कनकी से दतरेंगी) में अब तक पानी नहीं पहुंचने से क्षेत्र के किसान बेहद चिंतित हैं। 33 किलोमीटर लंबी यह नहर सूखी पड़ी है, जिससे बारिश की कमी के कारण धान की फसल सूखने लगी है। किसानों ने बैंक और निजी लोगों से कर्ज लेकर खेती की है, लेकिन पानी की कमी से उनकी मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। किसान रोजाना सुबह मायूस होकर अपनी फसल देखने जाते हैं, यह उम्मीद लेकर कि शायद नहर में पानी आ गया हो। हालांकि, हर बार निराशा ही हाथ लगती है। किसान खाद खरीदकर रखे हैं, लेकिन पानी के अभाव में उसका इस्तेमाल शेष पेज 13 पर

■ किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी, प्रशासन से तत्काल पानी देने की मांग

## 33 किलोमीटर लंबी कनकी नहर सूखी, अंतिम छोर तक नहीं पहुंचा पानी

### प्रशासन का पक्ष

प्रशासन का कहना है कि कनकी नहर की लंबाई अधिक होने के कारण अंतिम छोर तक पानी पहुंचने में समय लग रहा है। एसडीओ वर्मा ने आश्वस्त किया है कि वे पूरी कोशिश कर रहे हैं और जल्द ही पानी की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से धैर्य रखने और पानी पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की है।



### किसानों की मुख्य समस्याएं

पानी की कमी के कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है: एक ओर उनकी फसल सूख रही है, वहीं दूसरी ओर कर्ज चुकाने की चिंता भी बढ़ गई है। समय पर पानी न मिलने से धान की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हो सकती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाएगी।

### जल्द ही पानी मिलेगा

सभी कर्मचारियों को काम पर लगाए हुए हैं ताकि अंतिम छोर तक पानी पहुंचे। उन्होंने कहा कि नहर बहुत लंबी होने के कारण देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही किसानों को पानी मिल जाएगा। उन्होंने किसानों से भी सहयोग करने की अपील की।

-सूरज वर्मा, एसडीओ

## कार्रवाई : वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज हुआ अपराध

# चीतल मांस, बाइक व मोबाइल जब्त दो शिकारी गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी रूपेन्द्र कुमार साहू की टीम ने अवैध वन्य प्राणी शिकार के आरोप में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। रविवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर झाला ढोड़गी के पास दो व्यक्तियों को अवैध चीतल मांस लेकर आते हुए पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 23.620 किलोग्राम ताजा चीतल का मांस, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

जांच में आरोपियों ने बताया कि मांस ग्राम अर्जुनी निवासी अनिल पिता चमारसिंग बरिहा से प्राप्त किया गया था, जो फिलहाल फरार है। इस मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2022 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया। फरार आरोपी अनिल सहित अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई वन विभाग की वन्यजीव संरक्षण को लेकर जागरूकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो क्षेत्र में वन्य प्राणियों की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करेगी। कार्रवाई के दौरान प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी डब्बू साहू, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी रूपेश्वरी दीवान, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र शेष पेज 13 पर



### फरार आरोपी की तलाश जारी

फरार आरोपी की तलाश जारी दो आरोपियों के गिरफ्तार होने के बाद भी एक आरोपी अनिल पिता चमारसिंग बरिहा फरार है। उसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए वन विभाग द्वारा व्यापक खोजबीन और पतासाजी की जा रही है। वन विभाग ने बताया कि आगे भी ऐसे अवैध शिकार पर सख्त निगरानी रखी जाएगी ताकि वन्यजीव संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## जानलेवा हमले में शामिल 3 आरोपी गिरफ्तार पुरानी रंजिश को लेकर की थी मारपीट



**बलौदाबाजार** । मिशन परसाभदेर में एक ई-रिक्शा चालक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। यह घटना 23 अगस्त 2025 को हुई जब पीड़ित आशीष भारती उर्फ गरीब भारती अपने ई-रिक्शा से मिशन परसाभदेर जा रहे थे। गांव के शहीद चौक पुलिया के पास, आरोपी लकेश्वर टंडन ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी। बाद में आशीष ने घर के पास रिक्शा खड़ी कर लकेश्वर से पूछा कि वह क्यों रोक रहा था। इसी बात पर लकेश्वर ने अपने दोनों भाई परदेसी टंडन और पद्मुम टंडन के साथ मिलकर आशीष को गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने लाठी और लोहे की रॉड से आशीष पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

शिकायत के आधार पर, सिटी कोतवाली थाने में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर, सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने पुरानी रंजिश के कारण मारपीट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है।

# प्रतिमाओं को किया खंडित आरोपी पुलिस हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन/मुंडा



ग्राम मुंडा के तालाब पार स्थित देवस्थल में भगवान की मूर्तियों में तोड़फोड़ कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले आरोपी को लवन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ ही समय बाद हिरासत में ले लिया। 24 अगस्त को प्राप्त सूचना के अनुसार, ग्राम के कोर्रा तालाब के पास स्थापित भगवान शनिदेव, महादेव, बजरंगबली और नंदी की मूर्तियों को ग्राम निवासी कमलेश्वर वर्मा द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया।

■ रिपोर्ट दर्ज होने के आधे घंटे के भीतर लवन पुलिस ने लिया हिरासत में

घटना की खबर मिलते ही थाना लवन में अपराध क्रमांक 347/2025 अंतर्गत धारा 196(2), 298 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में लवन थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र आधे घंटे के भीतर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान कमलेश्वर वर्मा ने मूर्तियों में तोड़फोड़ करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी को 24 अगस्त को ही विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है।

### पुलिस की तत्परता से टला तनाव

लवन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गांव में स्थिति नियंत्रण में रही। यदि समय रहते गिरफ्तारी नहीं होती, तो गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की और आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है।

### देवस्थल पर हुआ था हमला

ग्राम मुंडा के कोर्रा तालाब के पास स्थित देवस्थल में स्थापित भगवान शनिदेव, महादेव, बजरंगबली और नंदी की मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने से ग्रामवासियों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने इसे धार्मिक आस्था पर हमला बताया और त्वरित कार्रवाई की मांग की थी।

# करंट की चपेट में आया किसान, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



पलारी क्षेत्र के खपरी स एरीकेशन के पास रविवार शाम लगभग 5 बजे एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। सरकीपार निवासी शत्रुहन साहू (40) की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शत्रुहन साहू अपने खेत में बोरिंग के लिए ट्रांसफार्मर से बिजली की लाइन खींच रहे थे। इसी दौरान अचानक हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ जाने से वह जमीन पर गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्र हो गई। घटना की जानकारी पलारी पुलिस और बिजली विभाग को भी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप मामले की विवेचना कर रही है !

## गणेश प्रतिमा को अंतिम रुप देने में लगे कलाकार



बंगोली | ग्राम कुर्रा निवासी जयप्रकाश धीवर मूर्ति कलाकार एवं पेंटर ने गणेश प्रतिमा का निर्माण किया है | जहां 3 से 10 हजार रुपये तक की 10 फीट तक के मूर्ति बनाये हैं | कुल 30 गणेश की प्रतिमा है सभी मूर्तियॉ ऑर्डर से बनाया गया है | इसके अलावा दुर्गा जी की मूर्तियॉ बनाने का ऑर्डर है जो प्रारंभ हो चुकी है |

# गुंडे-बदमाशों की परेड, गणेश चतुर्थी में शांति व्यवस्था को लेकर सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आगामी धार्मिक पर्व और गणेश चतुर्थी को लेकर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। असामाजिक और अपराधी तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। साथ ही विजुअल पुलिसिंग के तहत रोजाना पैदल और बाइक पेट्रोलिंग कर आमजन के बीच पुलिस की सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। 25 अगस्त को थाना सिटी कोतवाली, पलारी चौकी करहीबाजार क्षेत्र के गुंडा और निगरानी बदमाशों को बुलाकर पुलिस द्वारा आगामी पर्वों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और शासन के नियमों का पालन करने के संबंध में कड़े निर्देश दिए गए। एसडीओपी निधि नाग, निरीक्षक अजय झा व थाना प्रभारी ने सभी को साफ कहा कि किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



### दी गई सख्त हिदायत और चेतावनी

थाना सिटी कोतवाली में आयोजित बैठक में गुंडा और निगरानी बदमाशों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि पर्वों के दौरान कानून व्यवस्था में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी उल्लंघन पर संबंधितों के खिलाफ तुरंत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### विजुअल पुलिसिंग से बढ़ाई गई सुरक्षा

शांति बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार पैदल और बाइक से पेट्रोलिंग कर रही है, जिससे आमजन के बीच पुलिस की मौजूदगी बनी रहे और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि जिले में अवैध और अंवैधानिक गतिविधियों पर नकेल कसी जाएगी।

## बालिका सुरक्षा पर स्कूलों में चला जागरूकता अभियान, 1500 छात्र शामिल

# मिशन वात्सल्य: बाल अधिकारों पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में शनिवार को मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत 'बालिका सुरक्षा' थीम पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रजत महोत्सव के अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा पलारी एवं बलौदाबाजार विकासखंड के 9 विद्यालयों में संचालित किया गया, जिसमें 1500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को बाल अधिकार, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह की वास्तविकता और इसके दुष्परिणाम, साइबर सुरक्षा और सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई।

विशेषकर बाल विवाह पर गहराई से चर्चा करते हुए यह बताया गया कि अल्पायु में विवाह से बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं होती हैं, जैसे जोखिमपूर्ण प्रसव, कुपोषित शिशु का जन्म और मातृ मृत्यु की संभावना बढ़ना। साथ ही विद्यार्थियों को चाईल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, एवं आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी संकट की स्थिति में मदद प्राप्त कर सकें या किसी जरूरतमंद की सहायता कर सकें।



### सही फैसला, उज्जवल भविष्य

कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि किशोरावस्था में लिए गए निर्णय हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं। यदि छात्र भावावेश में आकर कोई गलत कदम उठाते हैं, तो उनका भविष्य संकट में पड़ सकता है। वहीं, सोच-समझकर लिया गया निर्णय उन्हें न केवल सुरक्षित रखता है बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला नागरिक भी बनाता है।

### सोशल मीडिया से जुड़ा खतरा

सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग के बारे में विशेष चर्चा करते हुए यह बताया गया कि आज बालिकाएं आपराधिक संगठनों का आसान निशाना बन रही हैं। योजनाबद्ध तरीके से उन्हें ट्रैप कर मानव तस्करी, अंग व्यापार, वैश्यावृत्ति एवं घरेलू मजदूरी जैसे खतरनाक जालों में फंसाया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सजग रहने और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

**खबर संक्षेप**

## इंडियन ओवरसीज बैंक के कर्मियों ने जताई नाराजगी



**रायपुर।** रायपुर स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदेशभर से आए लगभग 200 बैंककर्मी अपने परिजनों सहित एकत्र हुए और हाल ही में छत्तीसगढ़ में कुछ बैंक अधिकारियों की गिरफ्तारी के विरोध में गहरी नाराजगी जताई और भय व्यक्त किया। इस संदर्भ में ऑल इंडिया बैंक अधिकारी महासंघ (एआईबीओसी) छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के राज्य सचिव वाई. गोपाल कृष्णा ने कहा कि लगातार हो रही गिरफ्तारियों और पुलिस की चेतावनियों ने पूरे बैंकिंग समुदाय को गहरे भय और असुरक्षा के वातावरण में डाल दिया है। सभी बैंक अधिकारी बैंक की निर्धारित नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ही खाते खोलते हैं। यदि केवल खाते खोलने की प्रक्रिया को आधार बनाकर निर्दोष अधिकारियों को दोषी ठहराया जाएगा तो भविष्य में अधिकारी खाते खोलने से हिचकिचाएंगे।

## पवन बने छग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**रायपुर।** पं. दीक्षित सभागृह लालबहादुर शास्त्री प्रांगण में रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का



सप्तम प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी उपस्थित रहीं। संघ के जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस अधिवेशन के प्रथम चरण में निर्वाचन अधिकारी पीआर यादव द्वारा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष का निर्वाचन कराया गया, जिसमें दो नामांकन प्रस्तुत होने के बाद दूसरे प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा पवन शर्मा को निर्वाचित घोषित कर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## ब्रह्माकुमारी के रिट्रीट सेंटर में लगाया रक्तदान शिविर

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित शिविर के दूसरे दिन रविवार को 112 लोगों ने रक्तदान किया। संस्थान से जुड़े भाई-बहन उत्साह के साथ इस रक्तदान महाभियान का हिस्सा बने। इस तरह दो दिनों में सड्डू स्थित रिट्रीट सेंटर शांति सरोवर में 180 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में 129 भाइयों ने रक्तदान किया। माताओं और बहनों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान 51 माताओं ने जनसेवा के पुनीत कार्य में अपना रक्तदान किया।

## नवीन कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित महानदी मंत्रालय भवन के सभागार में आज अभियोजन अधिकारियों को नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशालय लोक अभियोजन छत्तीसगढ़ के महानिदेशक अरुण देव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रायपुर विनय कुमार प्रधान एवं शैलेश शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर मार्गदर्शन दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रधान एवं अतिरिक्त सचिव विधि एवं विधायी चन्द्र कुमार कश्यप ने वीसी के माध्यम से साक्ष्य परीक्षण, प्रक्रिया संबंधी जटिलताओं तथा नवीन कानून के क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। अतिरिक्त सचिव विधि एवं विधायी कार्य विभाग श्री कश्यप तथा अतिरिक्त संचालक लोक अभियोजन केएस गावस्कर ने अपील एवं पुनरीक्षण प्रस्तावित करने के आधार और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला।

# नारी शक्ति, पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है तीजा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

छत्तीसगढ़ की मिट्टी में रचा-बसा हरितालिका तीज, जिसे स्थानीय बोली में तीजा पर्व कहा जाता है, नारी आस्था, पारिवारिक समर्पण और सांस्कृतिक परंपराओं का एक भावनात्मक संगम है। यह पर्व विशेष रूप से विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और पारिवारिक सौहार्द्र के लिए निर्जला उपवास रखकर मनाती हैं।

इस पर्व की शुरुआत एक दिन पहले करू भात खाने की परंपरा से होती है। सोमवार को करेला की सब्जी और चावल का सेवन कर महिलाएं अगले दिन के कठिन उपवास के लिए खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करती हैं। छत्तीसगढ़ का तीजा पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण, पारिवारिक जुड़ाव और संस्कृति की जीवंतता का प्रतीक है। करू भात से लेकर चंद्र अर्घ्य तक, यह पर्व लोक-परंपराओं की वह अमूल्य विरासत है जो पीढ़ी दर पीढ़ी छत्तीसगढ़ की आत्मा को जीवंत बनाए हुए है।

करू यानी कड़वा और भात यानी चावल – करेले की कड़वाहट को संयम और तपस्या का प्रतीक माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, करेला शरीर में तरल संतुलन बनाए रखता है, जिससे प्यास कम लगती है। तीजा के उपवास में यह एक प्राकृतिक सहायता मानी जाती है।

### छत्तीसगढ़ की तीजा परंपराः करू भात से शुरू होकर शिव-पार्वती आराधना तक



#### तीजाः मायके का त्योहार

इस पर्व की एक खास परंपरा यह है कि महिलाएं इसे अपने मायके में जाकर मनाती हैं। यह न केवल मातृत्व भाव का पोषण करता है, बल्कि सामाजिक संवाद और सास-बहू के रिश्ते में संतुलन का भी माध्यम बनता है। तीजा के दिन महिलाएं एक-दूसरे के घर जाती हैं, तीजा गीत गाती हैं और पूजा के बाद कथा श्रवण करती हैं। व्रत वाले दिन महिलाएं सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। फिर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं, तीजा व्रत कथा सुनती हैं और पूरे दिन बिना जल ग्रहण किए उपवास रखती हैं। रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करती हैं। ग्रामीण अंचल में इस पर्व की विशेष धूम रहती है। महिलाएं गीत, कथा और मिलन के माध्यम से अपनी संस्कृति और सामाजिक एकता का उत्सव मनाती हैं।

### 27 अगस्त को दो दर्जन से अधिक स्थानों पर विराजेंगे गणपति बप्पा

# गणेश चतुर्थी की धूम, बप्पा के भव्य आगमन के इंतजार में खरोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



इस बार गणेश चतुर्थी (27 अगस्त) के पहले ही खरोरा नगर गणेश भक्ति के रंग में सराबोर हो चुका है। नगर के विभिन्न समितियों द्वारा इस बार लगभग एक सप्ताह पूर्व से ही श्री गणेश की प्रतिमाओं का भव्य आगमन कराया जा रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जब मूर्तियों का स्वागत हुआ, तो चारों ओर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज उठे।

खरोरा नगर में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। पुराना बस स्टैंड, भैरव बाबा चौक, रेस्ट हाउस, मां परमेश्वरी मंदिर, केसला आदि प्रमुख स्थानों पर मूर्तियों की खरीदारी और बुकिंग के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है। शहर में गणेश चतुर्थी को लेकर सजावट, रंग-रोगन और रोशनी का कार्य तेजी से चल रहा है। जहां एक ओर श्रद्धालुओं में पूजा-पाठ का उत्साह है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न समितियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झांकियों और विसर्जन शोभायात्रा के लिए पूरी तरह कमर कस चुकी हैं। गणपति बप्पा की भक्ति में डूबे खरोरा की रौनक अब हर गली और चौक पर दिखाई देने लगी है।

**खरोरा के राजा का भव्य आगमन :** शहर में सबसे अधिक चर्चा श्री सिद्धिविनायक समिति द्वारा स्थापित की जाने वाली विशाल प्रतिमा की है, जिसे स्थानीय लोग खरोरा के राजा के नाम से जानते हैं। बीती शाम भव्य शोभायात्रा के साथ प्रतिमा का आगमन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। इस बार की प्रतिमा भगवान विष्णु के दशावतार पर आधारित है, जो भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

**समुद्र मंथन की झांकी बनेगी विशेष आकर्षण :** श्री सिद्धिविनायक समिति के विजय देवांगन ने जानकारी दी कि इस वर्ष पंडाल में समुद्र मंथन की भव्य झांकी तैयार की जा रही है, जिससे बच्चों और युवाओं को पौराणिक ज्ञान भी प्राप्त होगा। समिति विगत तीन वर्षों से नगर की झांकी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करती आ रही है और इस वर्ष भी वे शीर्ष स्थान पर बने रहने के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं।

#### गणेश चतुर्थी की तैयारियों में जुटा भाटापारा



भाटापारा। 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी को प्रथम पूज्य देवता गणपति बप्पा विराजमान होगें इसके लिए लोगो को गणपति बप्पा के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है बडे पंडालो सहित घरो मे गणेश भगवान विराजमान होगें जहां उनकी पूजा श्रद्धा भक्ति और आनंदमय माहौल मे की जायेगी वहीं गणेशजी की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार गणेशजी की प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे हैं जयस्तंभ चौक पुराना गंज रामलीला मैदान के पास गणेशजी की मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार बीरबल चक्रधारी ने छोटी प्रतिमाओं के साथ बडी प्रतिमा बनाया है जिसे रंग रोगन और सजावट बडे सुन्दर ढंग से किया है वहीं बडी प्रतिमाओं के सजावट का काम तेजी से किया जा रहा है उनके पास छोटी प्रतिमाओं मे भी क ई साईज की मूर्ति बनायी गई है ।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में गिधौरी के खिलाड़ियों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में गिधौरी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयनित भी हुए।

प्रतियोगिता में बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, कसडोल व पलारी विकासखंड के खिलाड़ी शामिल हुए थे। इसमें 100, 200, 800, 1500 और 3000 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक और ट्रिपल जंप जैसे विभिन्न इवेंट्स का आयोजन हुआ।

**विजेता खिलाड़ियों की सूचीः** सीनियर वर्ग में खुशबू ध्रुव ने 200 मीटर दौड़ में, चंद्रकुमार ने 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान और 3000 मीटर में द्वितीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में श्रृष्टि निराला ने 200 मीटर दौड़ और तवा फेंक में, जबकि घनश्याम ने 800 और 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता (रायपुर) के लिए हुआ है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी के प्राचार्य आर. के. यादव ने विजेता खिलाड़ियों को उनकी मेहनत और उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे आगामी चरण में भी अपने खेल कौशल का बेहतर प्रदर्शन करें।

## महाराजा अग्रसेन की जयंती 22 को बाजे-गाजे के साथ निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** राजधानी में महराजा अग्रसेन की जयंती 22 सितंबर को उत्साह के साथ मनाई जाएगी। बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। अग्रवाल सभा ने 19 मोहल्ला समिति कार्यकारिणी एवं तीनों मंडल के साथ आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक ली। 7 सितंबर से अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। अग्रवाल सभा एवं 19 मोहल्ला समिति कार्यकारणी तथा महिला मंडल, युवा मंडल एवं युवती मंडल के साथ महाराजा अग्रसेन जयंती के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है ।

दरअसल 25 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम भड़हा का धन्नू विश्वकर्मा एक सफेद प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राम केशला से नवागांव मोड़ देवांगन आरा मील के पास खड़ा है कि जिस पर सूचना के तस्दीक हेतु थाना खरोरा पुलिस पार्टी गवाहों के साथ रवाना होकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर रेड कार्यवाही कर आरोपी धन्नू विश्वकर्मा को एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखे हुए पकड़ा गया।

आरोपी को शराब रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नहीं करने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे कुल 35 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई जुमला मात्रा 06 लीटर 300 मि.ली. किमती 3500 को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी के विरूध्द अपराध घटित करना साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## कमल बने छत्तीसगढ़ नाप-तौल निर्माता व विक्रेता संघ के अध्यक्ष



**रायपुर।** रामसागर पारा स्थित एक निजी होटल में रविवार को छत्तीसगढ़ नाप-तौल निर्माता एवं विक्रेता संघ का राज्यस्तरीय अधिवेशन हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ नाप-तौल निर्माता एवं विक्रेता संघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ, जिसमें कमल कुमार छत्तीसगढ़ नाप तौल निर्माता एवं विक्रेता संघ के अध्यक्ष पद के लिए फिर से चुने गए। निर्वाचन अधिकारी गोपाल मरोदिया और सहायक चुनाव अधिकारी अंशुमान अग्रवाल ने कमल कुमार को प्रमाणपत्र प्रदान किया। कोमल पवार निर्विरोध छत्तीसगढ़ नाप-तौल निर्माता एवं विक्रेता संघ की सचिव चुनी गईं, जबकि सुधाकर शिंदे निर्विरोध कोषाध्यक्ष बनाए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधिक माप विज्ञान विभाग के नियंत्रक देवेंद्र सिंह भारद्वाज ने निर्माताओं और विक्रेताओं से बाट और माप के नियमों का पालन करने का आव्हान किया।

श्री भारद्वाज ने बताया कि विधिक माप विज्ञान विभाग ने नए लाइसेंस प्राप्त करने और लाइसेंस के नवीनीकरण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कार्यक्रम में विधिक माप विज्ञान विभाग के उपनियंत्रक बीआर सिदार, संरक्षक गोपाल मरोदिया, मिलाप जैन और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी नारायण साहू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



गांजा तस्करी के प्रकरण में फरार चल रहे मुख्य आरोपी नारायण साहू को खरोरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से गांजा बिक्री से प्राप्त 2000 की नकदी भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और आईजी अमरेश मिश्रा के सख्त निर्देश पर की गई, जिसके तहत रायपुर पुलिस मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है।

पुलिस के अनुसार, 20 अगस्त को वार्ड क्रमांक 08, हनुमान मंदिर के पास दो युवकों को गांजा के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया था। गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में नारायण साहू का नाम बताकर बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लाकर खरोरा में खपाता है। इस पर पुलिस ने आरोपी नारायण की पतासाजी करते हुए 25 अगस्त को उसे भी गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी न सिर्फ स्थानीय गांजा नेटवर्क को तोड़ने में मददगार साबित हुई है, बल्कि पुलिस की सतर्कता से क्षेत्र में अवैध नशा कारोबारियों में भी खलबली मच गई है। पुलिस की यह मुहिम आने वाले समय में और भी तेज होने की उम्मीद है।

नारायण साहू, ग्राम टीला (देवसुंदरा), थाना पलारी का निवासी है, जो पिछले छह माह से उड़ीसा से दो-दो किलोग्राम गांजा लाकर खरोरा क्षेत्र में खपाता था। पूछताछ में उसने यह बात स्वीकार की कि वह गांजा की बिक्री से प्राप्त रकम अपने दैनिक उपयोग में खर्च करता था।

थाना प्रभारी खरोरा और उनकी टीम ने नशे के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए नारायण को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 20(बी) नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट 1985 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### शामिलात खाते और हाल ही में खरीदी गई कृषि जमीन के पंजीयन में हो रही दिक्कत

# एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने में किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल को अब एग्रीस्टैक से जोड़ा है। खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए सभी किसानों को इस पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन किसानों ने पहले धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। उन्हें भी संशोधन या कैरी फॉरवर्ड से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। ऐसे किसान, जिनके शामिलात खाते हैं, उनका अलग-अलग नामों से पंजीयन नहीं हो पा रहा है। वहीं ऐसी कृषि जमीन, जिनकी खरीदी-बिक्री कुछ दिनों पहले हुई है, उनका नाम पोर्टल में पंजीकृत नहीं हो पा रहा है। बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के कोई भी किसान धान बेचने के लिए पात्र नही होंगे। यह पंजीयन किसान सहकारी समिति और ग्राहक सेवा केंद्र में निशुल्क किया जा रहा है। कई किसानों के पंजीयन के दौरान बहुत सी परेशानियां सामने आ रही हैं। जिला कार्यालय में किसान इसे लेकर अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उनको कोई मदद नहीं मिल पा रही है।

#### क्या है एग्रीस्टैक

एग्रीस्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसे भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए विकसित किया है। इसका उद्देश्य किसानों की समस्त जानकारी जैसे पहचान, भूमि रिकार्ड, आय, कर्ज, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास को डिजिटल प्लेटफार्म पर इकट्ठा करना है। हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान यानी किसान आईडी मिलेगी, जो उनके आधार से लिंक होती है।

#### किसानों को हो रही ये परेशानी

पंजीयन में किसानों को कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। किसान जिस सहकारी समिति में पंजीयन कराते हैं। ऐसी कई समितियों का कोड बदला नहीं गया है, जिसके कारण किसानों का पंजीयन नहीं हो रहा है। वहीं ऐसे किसान, जिनकी जमीन शामिलात खाते में दर्ज है, उन किसानों के नाम से अलग-अलग पंजीयन में परेशानी हो रही है। पटवारी खाते में इन किसानों का नाम जोड़कर लिखा होता है। अतः उन्हें पंजीकृत कराने अपने खाते अलग-अलग कराकर पंजीयन के लिए प्रस्तुत करना होगा। ऐसे किसान, जिन्होंने कृषि जमीन अभी खरीदी है, उनका पंजीयन अभी नहीं हो पाएगा। उनका पंजीयन दो साल बाद एग्रीटेक पोर्टल में होगा।

#### एक ही जगह रहेगी किसानों की जानकारी

एग्रीस्टैक पोर्टल का उद्देश्य किसानों और कृषि नीति निर्माताओं को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना है। खेती-किसानी के डेटा का डिजिटाइजेशन करना, साथ ही सरकारी योजनाओं की पहुंच तेज और सटीक बनाना है, इससे किसानों, सरकारी विभागों और एग्रीस्टैक कंपनियों के लिए डेटा संचालित सेवा देना, फसल भूमि, मौसम, मिट्टी उत्पादन और वित्त संबंधी जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी।

#### इन योजनाओं का मिलेगा लाभ

किसानों से जुड़ी सभी योजनाओं जैसे पीएम किसान निधि, फसल बीमा, खाद बीज, सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में आएगी। बाढ़ सूखा से निपटने के उपाय और मार्केट लिंक की डिजिटल जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही एक बार डिजिटल किसान का रजिस्ट्रेशन आईडी हो जाने के बाद बार-बार दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## दीक्षारंभ समारोह में दी गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी



**भाटापारा।** स्वर्गीय रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपानिया में 25 अगस्त को प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक एन.के. ध्रुव ने अकादमिक कैलेंडर और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। प्रभारी नेहा केरकेट्टा ने बहुविषयक शिक्षा और क्रेडिट सिस्टम की जानकारी दी। पूर्व प्रभारी राजाराम ध्रुव ने महाविद्यालय की विभिन्न कमेटियों से अवगत कराया। प्रभारी प्रियंका पाटले ने रिसर्च ऑनर्स की भूमिका पर जानकारी दी, वहीं श्रीमती तृप्ति साव ने ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन की जानकारी साझा की। एम्बेसडर परमेश्वर धीवर, तारिणी साहू, टिकेश्वरी साहू व दीपेश्वरी निषाद ने कार्यक्रम का संचालन किया। ऋषभ वर्मा ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में शिक्षक, नवप्रवेशी छात्र और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने किया स्कूलों में लगाया साइबर जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के लिए लगातार जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 25 अगस्त 2025 को थाना गिधौरी, राजादेवरी, चौकी गिरौदपुरी और सहायता केंद्र निपनिया की टीम ने ग्राम बरेली, टुण्डरा, कोदवा और राजादेवरी के स्कूलों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को साइबर अपराधों से सावधानी बरतने और उनसे बचाव के तरीकों को विस्तार से समझाया गया।

पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी लोक लुभावने स्कीम के लालच में न आएं, अजनबी कॉल का जवाब न दें, अनधिकृत लिंक पर क्लिक न करें तथा अपनी बैंक डिटेल किसी भी अजनबी को न दें।

साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क कर पूरी जानकारी दें। इसके साथ ही बच्चों को सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, संदिग्ध कॉल और मैसेज से सतर्क रहने और अपने सोशल मीडिया और फोन के पासवर्ड सुरक्षित रखने की समझाइश दी गई। यह जागरूकता अभियान साइबर अपराधों को रोकने एवं लोगों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पुलिस की यह पहल लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाकर अपराध रोकने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## स्कूली बच्चों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए

### सोशल मीडिया सुरक्षा के लिए जरूरी टिप्स

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया का उपयोग बढ़ गया है, इसलिए सुरक्षा और सतर्कता और भी जरूरी हो गई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर अपनी निजी जानकारियां साझा करने से बचें। संदिग्ध लिंक और एप्लिकेशन से दूर रहें। अपने फोन और सोशल मीडिया खातों के पासवर्ड को हमेशा सुरक्षित रखें और किसी के साथ साझा न करें। बच्चों को भी सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सही मार्गदर्शन आवश्यक है।



### साइबर अपराध से बचाव के मुख्य उपाय

साइबर अपराध से बचने के लिए सबसे जरूरी है सतर्कता। किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर ध्यान न दें, लोक लुभावने ऑफर और स्कीम के झांसे में न आएं। बैंक और व्यक्तिगत जानकारियों को किसी से साझा न करें। अनधिकृत लिंक और एप्स से बचें। यदि साइबर ठगी या किसी प्रकार का अपराध होता है, तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। इससे पुलिस को अपराध को रोकने और आरोपी तक पहुंचने में मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप

### नुआखाई मिलन समारोह स्थगित, हुई बैठक

**रायपुर।** धमतरी जिले की घटना को लेकर नुआखाई मिलन समारोह को स्थगित किया गया है। यह निर्णय नेताजी सुभाष स्टेडियम में शनिवार को जय बूढ़ी मां गांड़ा महासभा की कोर कमेटी की बैठक में लिया गया है। बैठक में कमेटी के प्रदेश महासचिव संजय सोनी, प्रदेश युवा अध्यक्ष वैष्णव भत्रिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश मोंगराज और जिला अध्यक्ष राधे नायक ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व 11 अगस्त को हमारे समाज के तीन युवाओं की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। घटना धमतरी जिले में हुई थी, क्या हमारे समाज के एक परिवार के प्रति हमारी ये संवेदना यह नहीं है कि हम उस परिवार के साथ खड़े रहें एवं इस संकट की घड़ी में उनका साथ दें। इसलिए इस वर्ष हमारे समाज का सबसे बड़ा त्योहार नुआखाई शालीनता एवं सद्भावना के साथ मनाने का निर्णय लिया है

### जमीन दलाल धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

**रायपुर।** अभनपुर पुलिस ने एक जमीन दलाल को धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जगन्नाथ विश्वकर्मा की शिकायत पर पुलिस ने खोरपा निवासी पुनाराम साहू को गिरफ्तार किया है। पुनाराम पर शासकीय जमीन को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बेचने का आरोप है। पुनाराम के खिलाफ जगन्नाथ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने उसकी भू-दान वाली जमीन जो शासकीय है, उस जमीन के दस्तावेज सुधारने अपने नाम से रजिस्ट्री कराकर किसी दूसरे को 66 लाख में बेचकर पैसे न देकर उसके साथ ठगी की।

## पेज 11 के शेष

### नहर में पानी...

नहीं कर पा रहे हैं।ग्राम खपरी भ, तमोरी, भवानीपुर, बोदा, मोहान, रीवाडीह, बम्हनी, चरौदा, दतरेंगी, बिजराडीह, मलपुरी और अन्य गांवों के किसानों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संपर्क किया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। किसानों का कहना है कि अगर समय रहते पानी नहीं मिला तो वे धरने पर बैठ जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से तत्काल नहर में पानी छोड़ने की अपील की है।

### चीतल मांस के...

अधिकारी मीनाक्षी साहू, वनपाल भरतलाल साहू, परिसर रक्षी पूनमचन्द फेकर, वनरक्षक प्रवीण कुमार आडिले, वनरक्षक दिनेश कर्ष मौजूद थे । कार्रवाई की पूरी जानकारी अवैध शिकार के मामले में वन विभाग की टीम ने झाला ढोड़गी के पास दो शिकारियों को पकड़ा, जिनके कब्जे से 23.620 किलोग्राम ताजा चीतल मांस, एक मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी डब्बू साहू, रूपेश्वरी दीवान, मीनाक्षी साहू समेत वनपाल एवं वनरक्षक भी मौजूद थे।

### चाकू लेकर दहशत...

वाले लोगों को धमकाया जा रहा है। सूचना पर ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी हरि ध्रुव को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक धारदार चाकू जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों को मिलेगा नया केंद्र

# समाज की एकता, शिक्षा और संस्कृति के संरक्षण पर दिया गया जोर : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ब्लॉक के ग्राम सेम्हराडीह में आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम सोमवार को विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन और ग्रामीण उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक साव ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से समाज को विवाह, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के लिए एक उपयुक्त मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की एकता और जागरूकता आज निरंतर बढ़ रही है, और यह समाज के विकास का संकेत है।

अपने संबोधन में साव ने शहीद वीर नारायण सिंह, गुंडाधुर, रानी दुर्गावती और भगवान बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों को याद करते हुए कहा कि हर समाज को अपने इतिहास, संस्कृति और वीरों की गाथा जानना और उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि बेटा-बेटी सभी के लिए समान रूप से शिक्षा जरूरी है, यही समाज को आगे बढ़ाने का माध्यम है। इस अवसर पर क्षेत्र के कार्यकर्तागण व सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी, ऋषिलक्ष्मण ध्रुव सरपंच, जुड़ावन ध्रुव, मोतीलाल मंडावी थुकेल ध्रुव, राम ध्रुव, गंगु राम ध्रुव, गौरीशंकर ध्रुव, रमाशंकर ध्रुव, अमरनाथ ध्रुव, लक्ष्मण ध्रुव, बुधराम ध्रुव, नरेश नेताम सरपंच निपनिया, बालाराम मरकाम, रामस्वरूप ध्रुव, सत्यजीत शेंडे, खेमीन ध्रुव सहित काफी संख्या में सामाजिक और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**ग्रामवासियों की मांगों को मिला आश्वासन:** कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक इन्द्र साव के समक्ष कुछ स्थानीय मांगें भी रखीं, जिन्हें उन्होंने सहानुभूति पूर्वक सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।



### संस्कृति और शिक्षा से ही होगा समाज का उत्थान

विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन में समाज को संदेश दिया कि यदि कोई समाज अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोता है, तो वह कभी पीछे नहीं रहता। शिक्षा, खासकर बेटियों की शिक्षा, समाज के उत्थान में सबसे अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज मजबूत और आत्मनिर्भर बनता है।

# कलेक्टर ने की खाद भण्डारण और वितरण की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को क़ृषि, सहकारिता एवं अन्य सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने यूरिया की बढ़ती मांग को दृष्टिगत रखते हुए मांग अनुसार समितियो में यूरिया उपलब्ध कराने तथा उर्वरक की कलाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि डबल लॉक में भण्डारित लगभग 166 मेट्रिक टन यूरिया को अधिक मांग वाले समितियों में पहुंचाएं। यूरिया का रैक लगने पर जिले के लिए आवंटित मात्रा अनुसार शतप्रतिशत आवंटन कराएं। उन्होंने तय मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय करने वाले विक्रेताओं पर कार्यवाही करने लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही छूटे हुए किसानो का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

- मांग के अनुसार समितियों में यूरिया उपलब्ध कराने व कालाबाजारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

### अब तक का वितरण आंकड़ा

बताया गया कि जिले में लगभग 899 मेट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है। मंगलवार को तिल्दा में रैक लगने वाली है जिससे करीब 200 मेट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है वहीं दो से तीन दिन में भाटापारा में भी रैक लगने वाली है जिसमें जिले को 200 मेट्रिक टन और यूरिया मिल पायेगा। अब तक कुल 57421 मेट्रिक टन उर्वरक भण्डारण किया गया है जिसके विरुद्ध समितियों को 52077 मेट्रिक टन उर्वरक वितरण किया गया है ।

# भारत गौरव सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ का भी परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जबलपुर में आयोजित भारत गौरव सम्मान एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम में देशभर से आए हुए सामाजिक जनो शिक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कला एवं साहित्य के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष माननीय कैलाश जाटव जबलपुर के विधायक माननीय डॉ.अभिलाष पांडेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय धीरज पटेरिया, अपर कलेक्टर महोदय, माननीय कमिश्नर साहब, नगर निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण, जबलपुर के समस्त पशु चिकित्सक गण, ऐसो इंडिया फाउंडेशन के देश भर के पदाधिकारी एवं खेल, शिक्षा कला साहित्य जगत के हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में जबलपुर के हृदय स्थल मानस भवन ऑडिटोरियम हाल में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल में मरार पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पटेल, सरजू पटेल अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, डॉक्टर लक्की पटेल, अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, डॉ.सुखीराम पटेल समाज सेवी चिकित्सक, उत्तम पटेल डायरेक्टर बिलासपुर मशरुम लैब, शैलेंद्र पटेल, जनसेवक रक्तदाता एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, और ईएसो के सक्रिय कार्यकर्ता छत्तीसगढ प्रदेश महामंत्री आशीष पटेल कार्यक्रम में शामिल होकर ईएसो इंडिया के द्वारा सम्मानित हुए।






# चैतन्य की हिरासत बढ़ने से भड़का सामाजिक आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की हिरासत में बिना ठोस सबूत लगातार विस्तार किए जाने से कुर्मी समाज में गहरा आक्रोश पैदा हो गया है। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने भाजपा सरकार पर राजनीतिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए साफ चेतावनी दी है कि इस अन्याय की कीमत आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुकानी पड़ेगी।

श्री कश्यप ने बताया कि चैतन्य बघेल एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति हैं, जिन पर लगाए गए आरोपों के समर्थन में अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है, बावजूद इसके लगातार उनकी हिरासत बढ़ाई जा रही है। उन्होंने इस कार्यवाही को 'दंश नीति' बताया और कहा कि यह सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं, बल्कि पूरे कुर्मी समाज और छत्तीसगढ़िया समुदाय के खिलाफ है। साथ ही उन्होंने स्वामी आत्मानंद मेघावी छात्र योजना के नाम परिवर्तन पर भी नाराजगी जताई, जो समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। श्री कश्यप ने कहा कि यदि चैतन्य बघेल के खिलाफ अन्याय और योजनाओं के नाम परिवर्तन पर सरकार ने रुख नहीं बदला, तो कुर्मी समाज आगामी चुनाव में मतदान के माध्यम से अपना विरोध प्रकट करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता सब देख रही है और जनादेश भाजपा को उसकी जगह दिखाएगा।



### राजनीतिक प्रताड़ना का आरोप

कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने स्पष्ट किया कि चैतन्य बघेल को जन्मदिन और रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहारों पर भी परिवार से अलग किया गया है, जो राजनीतिक बदले की निशानी है। उन्होंने कहा कि हम शांतिपूर्ण समाज हैं, लेकिन यदि सरकार ने अपनी मनमानी नहीं रोकी, तो समाज सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा।

### स्कूटी से गांजा बरामद विक्रेता को धर-दबोचा

**रायपुर।** उरला में पुलिस ने स्कूटी से गांजा जब्त किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो ग्राम कन्हेरा रोड ब्रिज के नीचे में एक व्यक्ति अपनी स्कूटी होण्डा डियो क्रमांक सीजी-04 क्यूए-3254 में गांजा रखा हुआ था। उपनिरीक्षक तेजराम कंवर आरक्षक राजाराम एक्का, धनेन्द्र जोशी, नरेश प्रधान उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम बैसाखू ध्रुव निवासी एएचपी कॉलोनी उरला बताया। तलाशी में आरोपी की स्कूटी होण्डा से एक सफेद कलर की प्लास्टिक की बोरी में मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 5.550 किलोग्राम कीमत 55,500 मिला।

# 112 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, खरोरा में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 112 नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन व प्राचार्य रजनी मिंज ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी विचार रखे। अतिथियों ने कहा कि यह योजना ग्रामीण छात्राओं के लिए वरदान है, जिससे उनकी पढ़ाई सुगम होगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। समारोह में विद्यालय स्टाफ, प्रबंधन समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस पहल से छात्राओं की शिक्षा में नई ऊर्जा का संचार होगा।



## चार दिन से खराब ट्रक नहीं हटा, प्रशासन बेखबर, घंटों लगा रहा जाम

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर तीन कैप्सूल ट्रक खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग की बदहाल सड़क अब जानलेवा बनती जा रही है। वनोपज जांच नाका के पास एक कैप्सूल ट्रक पिछले चार दिनों से खराब हालत में खड़ा है, जिससे आवागमन में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। ट्रक का एक हिस्सा हवा में लटका हुआ है, जिससे सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों पर भी दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है।

- गड्ढों से भरी सड़क पर खतरे के साये में चल रहे वाहन

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मार्ग पहले ही बेहद जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे अब पोखरों में तब्दील हो चुके हैं। इन्हीं खतरनाक गड्ढों के कारण ट्रकों की कमानी पट्टी टूट गई और लगातार तीन ट्रक खराब हो गए। सोमवार को दूसरा ट्रक भी इसी मार्ग पर खराब हो गया था, जिससे पूरे दिन मार्ग अवरुद्ध रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि चार दिनों से खड़ा पहला ट्रक अब भी वहीं है, और प्रशासन या ट्रक मालिक की ओर से उसे हटाने की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। मंगलवार शाम को एक तीसरा ट्रक भी खराब हो गया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। घंटों मशक्कत के बाद जाम में फंसे वाहनों की कतार धीरे-धीरे समाप्त हुई।

हादसे की आशंका, फिर भी लापरवाही चार दिन से खराब ट्रक का पिछला हिस्सा केवल एक लोहे की एंगल पट्टी पर टिका हुआ है। यदि संतुलन बिगड़ा तो ट्रक पलट सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद न ट्रक मालिकों ने ध्यान दिया और न ही प्रशासन ने कोई कार्रवाई की। यह लापरवाही किसी भी समय जनहानि का कारण बन सकती है।

जनता हो रही परेशान, जिम्मेदार मौन इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली और ट्रकों के फंसे रहने के कारण लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। व्यापार, स्कूल और आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका असर पड़ा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत और खराब ट्रकों को हटाने की मांग की है।






# गणित प्रशिक्षण का पंचम दिवस गणेश वंदना के साथ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी तिल्दा में आयोजित पांच दिवसीय गणित प्रशिक्षण का समापन गणेश वंदना के साथ हुआ। अंतिम दिवस में शिक्षकों ने संख्याओं के प्रयोग को जीवन के विभिन्न संदर्भों से जोड़ते हुए गणितीय अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करने पर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने महिला शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी को सराहते हुए इसे सीखने की ललक का प्रतीक बताया। प्रशिक्षकों ने सममिति और संख्याओं को गतिविधियों के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम को शिक्षण पद्धति में नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण जारी रखने का संकल्प लिया गया।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
22 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2 शो समय -12:00, 3:00, 9:00 PM
मोही डारे-2 शो समय -12:00 PM
साम्राज्य शो समय -03:00 PM
कुली शो समय -03:00, 9:00 PM
महावतार नरसिम्हा शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# बलौदाबाजार में स्थापित हुआ 30 निवासियों की क्षमता वाला आधुनिक वृद्धाश्रम

## श्री सीमेंट ने खोला 'श्री वाटिका', परित्यक्त बुजुर्गों को मिला सुरक्षित आश्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय समुदायों के उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, श्री सीमेंट ने श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आधुनिक आवासीय गृह 'श्री वाटिका' की स्थापना की है। कंपनी के सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) पहल के तहत 2017-18 में निर्मित यह सुविधा वरिष्ठ नागरिकों को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और देखभाल से भरा वातावरण प्रदान करती है। 'श्री वाटिका' में 30 निवासियों के रहने की क्षमता है। इसका दीर्घकालिक संचालन और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, दैनिक प्रबंधन की जिम्मेदारी समाज कल्याण विभाग को सौंपी गई है, जबकि श्री सीमेंट लगातार पर्यवेक्षण और परिचालन संबंधी सहायता प्रदान करता रहेगा।श्री सीमेंट के यूनिट हेड, हुकम चंद गुप्ता ने इस पहल के बारे में कहा, जब औद्योगिक विकास सामाजिक कल्याण के साथ चलता है। 'श्री वाटिका' की स्थापना हमारे इस संकल्प का प्रतीक है कि जिन्होंने अपना जीवन परिवार और समाज की सेवा में समर्पित किया है, उन वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान, देखभाल और सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि करुणा, गरिमा और आशा का स्थान है। यह केंद्र चौबीसों घंटे प्रशिक्षित कर्मचारियों और चिकित्सीय सहायता के साथ सेवाएँ उपलब्ध कराता है। यहाँ रहने वाले बुजुर्गों को पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच और एक स्नेहमयी वातावरण मिलता है, जो उनके शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित रखता है।

### सीएसआर का महत्व

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कंपनियों द्वारा अपने व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों को भी पूरा करने की एक पहल है। श्री सीमेंट की यह पहल दर्शाती है कि कंपनियां सिर्फ लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यह पहल समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।



### 'श्री वाटिका' की विशेष सुविधाएं

यह वृद्धाश्रम वरिष्ठ नागरिकों की सभी जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें आधुनिक आवासीय संरचना, चौबीसों घंटे देखभाल प्रदान करने वाले प्रशिक्षित कर्मचारी, और नियमित चिकित्सीय जांच की सुविधा है। यह सुनिश्चित करता है कि यहाँ रहने वाले बुजुर्गों को शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह से पूरा सहयोग मिले।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में दानदाताओं से मिला 18 यूनिट रक्त

बलौदाबाजार । जिला रेड क्रॉस सोसायटी एवं प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पलारी के सयुंक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 18 यूनिट रक्तदान से प्राप्त हुआ । बताया गया कि 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। रक्तदान महादान है। शिविर में डॉक्टर किस लाल बंजारे, आदर्श शर्मा, अंशुल सिंग, राजेन्द्र कुमार घिर्रे, कृष्णा यादव ने जिला अस्पताल से आवश्यक सहयोग किया।

### किसान को उपलब्ध हुआ खाद, जताया आभार

बलौदाबाजार । जिला कार्यालय में संचालित सम्पर्क केंद्र किसानों के लिए भी मददगार साबित हो रहा है। संपर्क केंद्र के समन्वय से किसान को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत हिरमी निवासी किसान उमाशंकर साहू ने बताया कि विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत समिति में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा था । इस संबंध में उन्होंने सम्पर्क केन्द्र के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई थी। प्राप्त शिकायत पर संपर्क केन्द्र ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सहकारिता विभाग से समन्वय किया। विभागीय स्तर पर कार्रवाई उपरांत आवेदक को खाद उपलब्ध करा दिया गया। खाद प्राप्त होने पर उमाशंकर साहू ने सम्पर्क केन्द्र एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महिलाओं ने हाथों में मांगों की मेंहदी लगाई और गुब्बारे छोड़े

**महासमुंद**। संविदा आधार पर कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने आंठवेदिन भी लोहिया चौक में धरना जारी रखा। महिलाओं ने हाथों में मांगों की मेंहदी लगाई और गुब्बारे छोड़े। एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि एनएचएम संविदा कर्मी से मुक्त आजादी के प्रतीक के रूप गुब्बारे आसमान में उड़ाए। स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से जिले के सरकारी अस्पतालों में कई सेवाएं बाधित हो रही है जो परेशानी का सबब बन रही है। बता दें कि एनएचएम कर्मचारी संविलियन व स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति, 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

## जल संसाधन विभाग को दिए गए निर्देश, नहर क्षति पर होगी सख्त कार्रवाई

# नहरों को नुकसान पहुंचाने वालों पर कलेक्टर का कड़ा रुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में नहरों को क्षति पहुंचाने की घटनाओं पर कलेक्टर दीपक सोनी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तलब कर समस्या की गंभीरता समझी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नहरों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सिंचाई अधिनियम 1931 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी पंचायत या व्यक्ति द्वारा नहरों को क्षतिग्रस्त किए जाने पर एसडीएम द्वारा नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल किया जाए और कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 12 अगस्त से गंगरेल डेम से पानी छोड़ा गया है, लेकिन कुछ लोग नहरों के छोटे माइनरो को तोड़ कर जल प्रवाह में बाधा डाल रहे हैं। इससे खरीफ सीजन में पानी का उचित वितरण प्रभावित हो रहा है। विभाग ने राजस्व अनुविभाग पलारी एवं बलौदाबाजार की कुछ पंचायतों द्वारा की गई नहर क्षति की जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को भेज दी है। यह कदम जिले में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों को बेहतर जल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### किसानों की सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नहरों की सुरक्षा जरूरी

#### गंगरेल डेम से जल प्रवाह और नहरों की स्थिति

12 अगस्त से गंगरेल डेम से नहरों में पानी छोड़ा गया है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व नहरों के छोटे माइनरो को काट कर जल प्रवाह रोक रहे हैं। इससे खरीफ फसलों के लिए पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। जल संसाधन विभाग ने प्रभावित पंचायतों के खिलाफ संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



#### नोटिस जारी कर जुर्माना वसूलेंगे

नहरों को क्षति पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ सिंचाई अधिनियम 1931 की धारा 94 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी पंचायत द्वारा नहरों को नुकसान पहुंचाया जाता है तो एसडीएम नोटिस जारी कर जुर्माना वसूलेंगे। यह कदम नहरों की सुरक्षा और सिंचाई के उचित प्रबंधन के लिए बेहद आवश्यक है ताकि किसानों को समय पर और पर्याप्त पानी मिल सके।

## ट्रांसपोर्टरों को दी गई नियमों व निर्देशों की जानकारी

- ट्रक संचालन में तारपोलिन कवरेज अनिवार्य, दुर्घटना रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की अपील

बलौदाबाजार । मोटर परिवहन अधिनियम 1961 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त मोटर ट्रांसपोर्टरों के साथ जनपद पंचायत बलौदाबाजार के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार ने माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशो की प्रभावशीलता, सामान्य कार्य घंटे, स्प्रेड ओवर, आराम अंतराल, रात्रि कार्य प्रतिबंध, साप्ताहिक विश्राम, ओवर टाईम के लिए ट्रांसपोर्ट उपक्रम के कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही समस्त मोटर उपक्रमों को मोटर परिवहन अधिनियम 1961 के अंतर्गत पंजीयन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिनियम के उल्लंघन पर प्रावधानित दंड एवं सजा जिसमें 500 तक जुर्माना व तीन माह की सजा व दोनों से अवगत कराया गया। जिला परिवहन अधिकारी सी.एल. देवांगन द्वारा सभी वाहन संचालको को सुरक्षित वाहन संचालन तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन करने के निर्देश दिये गये। साथ ही ट्रक संचालकों को माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार मालयानों से सामाग्री परिवहन करते समय 200 जीएसएम मापदंड की तारपोलिन से आवश्यक रूप से ढ़कने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सामुहिक प्रयास करते हुए मोटरयान अधिनियम के अधीन निर्धारित समायवधि अनुसार वाहन चालकों से वाहन चालन का कार्य लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष संजीव सिंह सहित कुल 19 विभिन्न ट्रांसपोर्ट उपक्रमों के प्रतिनिधि, श्रम कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अंनत, श्रम निरीक्षक कोमल सिंह मरावी एवं अभय दुबे उपस्थित रहे।

# सिंधोरा पंचायत ने अवैध कब्जा हटाकर लागू की शराबबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सिंधोरा ग्राम पंचायत ने सरपंच दयाल महेश्वर और ग्रामीणों की एकजुटता से वह कर दिखाया है, जो अब तक केवल आदर्श योजनाओं में ही देखा जाता था। पंचायत ने 100 एकड़ से अधिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है, जिसमें निस्तार तालाब, चारागाह और मुक्तिधाम के लिए आवश्यक भूमि शामिल है। पंचायत ने न सिर्फ अवैध कब्जा हटाया, बल्कि पूरे गांव में शराबबंदी लागू कर ऐतिहासिक पहल की है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले गांव में शराब की बिक्री और सेवन से सामाजिक माहौल खराब हो रहा था। लेकिन अब गांव शांत, अनुशासित और विकास के पथ पर है।

मुक्तिधाम के लिए वर्षों से भूमि की कमी से जूझते ग्रामीणों को अब राहत मिली है। दाह संस्कार के लिए



कभी मेड, कभी पुल-पुलियों का सहारा लेना पड़ता था। कब्जा हटाकर अब मुक्तिधाम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जो अगले दो माह में पूर्ण हो जाएगी। ग्राम के इस ऐतिहासिक फैसले में शंभू सिंह डहरिया, नरोत्तम महेश्वर, उपसरपंच नर्मदा महेश्वर, महिला समूह की अध्यक्ष बबीता महेश्वर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। ग्रामीणों का कहना है कि पहले इन मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं देता था, लेकिन अब पंचायत की सख्ती से गांव को नई दिशा मिली है।

### तालाब और चारागाह को भी दिलाई मुक्ति

गांव के निस्तार तालाब और चारागाह भूमि पर भी वर्षों से अवैध कब्जा था। पंचायत ने इन्हें मुक्त कर ग्रामीणों और पशुपालकों को बड़ी राहत दी है। यह पहल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ग्रामीण जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### विवादित निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

पूर्व सरपंच कार्यकाल में किए गए एक बेजा कब्जे पर आवास निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि प्रस्तावित कुसमी-सिंधोरा मार्ग और तालाब के पानी निकासी मार्ग में आती है। सरपंच दयाल महेश्वर और ग्रामीणों ने मिलकर निर्माण रुकवा दिया।

## भोजली विसर्जन ...



**अर्जुनी।** अंचल के ग्राम नवागांव में शनिवार को पोला के पावन पर्व के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें अपने मायके पहुंचे बहनों के लिए मटका फोड़ कुर्सी दौड़ और पोरा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भोजली विसर्जन का कार्यक्रम भी हुआ। उक्त भोजली को गांव के जमुनिया नाला में भावपूर्ण विसर्जित किया गया। इस आयोजन पर सरपंच लता भीम वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, नंद कुमारी साहू, उपसरपंच दुर्गेश्वरी मानिकपुरी, बिसवंतीन जागड़े, सतरूपा साहू, रानी यादव, पंच दुखू राम वर्मा, ओमप्रकाश जोशी, पंच धर्मेंद्र यादव, माधव प्रसाद साहू, त्रिवेणी निषाद, पंचगण सहित नवागांव के नव युवक साथी सुनील वर्मा, शुभम वर्मा, पुष्पेंद्र निषाद, गौरव निषाद, तुलसी निषाद, रामेश्वर निषाद, विवेक साहू, गोपी साहू, खुमानदास मानिकपुरी, रवि वर्मा, सूरज वर्मा, मनोज वर्मा, होरी लाल वर्मा, नर्मदा प्रसाद साहू, विजय साहू, दुष्यंत वर्मा, हेमंत वर्मा, दीपकदास मानिकपुरी, रामकुमार निषाद, दुर्गेश साहू, बुद्धेशवर साहू, दुखित वर्मा पंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पोहा मुरमुरा संघ का चुनाव कल

**भाटापारा।** पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण संघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 26 अगस्त को पोहा भवन अंबुजा रेलवे क्रॉसिंग के समीप होगा इस चुनाव में मौजूदा अध्यक्ष रंजीत दावानी और अमर छाबडिया के बीच सीधे संघर्ष होगा चुनाव में करीब 193 मतदाता है जो इस चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। चुनाव बेलेट पेपर से कराया जाएगा इसके लिए पोहा मुरमुरा का वैलेट पेपर और निशान करने के लिए पेन मतदान स्थल पर रहेगा, उसी से वोटिंग करना होगा। इस चुनाव में एक फर्म से एक ही मतदाता मतदान कर सकेगा क्योंकि पोहा मिल में एक से अधिक के प्लांट है लेकिन फर्म के अनुसार ही वोटिंग लिस्ट जारी की गई है पोहा मिल के इस चुनाव को लेकर काफी गहमा गहमी का माहौल है चुनाव के लिए मतदान का समय दोपहर 1 बजे से 5 तक पोहा भवन में होगा, वही ठीक 1 घंटे के पश्चात शाम 6 बजे इसकी गिनती शुरू होगी ।

# श्याम बने वरिष्ठ नागरिक समिति बलौदाबाजार के सर्वसम्मत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- विप्र वाटिका में आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

वरिष्ठ नागरिक समिति बलौदाबाजार की बैठक विप्र वाटिका बलौदाबाजार में संपन्न हुई जिसमें बलौदा बाजार के सभी वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वरिष्ठ नागरिकों में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई एवं बलौदाबाजार जिले के अध्यक्ष का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया जिसमें श्याम शुक्ला को अध्यक्ष मनोनीत किया गया निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने वाले प्रथम जिले के अध्यक्ष हैं।



श्याम शुक्ला सभी वरिष्ठ नागरिकों ने श्याम शुक्ला को अध्यक्ष बनने की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके नेतृत्व में बलौदाबाजार के विकास कार्यों को गति मिलेगी ऐसी आशा प्रकट की समिति की बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिक आर्. एन. वर्मा, डीपी जैन, भूपेंद्र ठाकुर, जुगल भट्टर, विष्णु धर दीवान, एसएन उपाध्याय, जय नारायण केसरवानी, डॉ केके साहू, खोडास कश्यप, हेमचंद केसरवानी, पुनीत वर्मा, शिव शंकर अग्रवाल, दिनेश बिश्नोई, लक्ष्मी साहू, नरेंद्र शुक्ला, कैलाश सोनी, सुरेश सराफ, चानाहु सर विजय केसरवानी, राजू केसरवानी, रामाधार पटेल, पौडवाल शिव वर्मा, मोती वर्मा, भुवन जायसवाल, दिनेश वैष्णव, महेश अग्रवाल, प्रमोद शुक्ला, के. के वर्मा, सुशील तिवारी, भुवन जयसवाल, सूर्यवंशी सर आदि वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे ।

## छात्रों में दिखा उत्साह, धार्मिक और बौद्धिक चेतना का हुआ विकास

# नवोदय के छात्रों ने किया गुरु घासीदास और शबरी माता के धामों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन के 80 छात्र-छात्राओं ने 24 अगस्त को पीएम श्री के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम और शिवरीनारायण स्थित माता शबरी मंदिर का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को इन महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों से परिचित कराना था।



जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी. गिरिजा और शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी राजेंद्र सिक्का ने बताया कि कक्षा सातवीं के इन छात्रों ने गिरौदपुरी धाम में मुख्य मंदिर, छाता पहाड़, अमृत कुंड, चरण कुंड और सबसे ऊंचे जैतखंभ का दर्शन किया। इस दौरान छात्रों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। कई छात्रों ने बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थल पर माथा टेका और नारियल भी चढ़ाए।

### छात्रों ने किया मंदिरों का भ्रमण

गिरौदपुरी के बाद, छात्रों ने महानदी के किनारे स्थित शिवरीनारायण का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने मां शबरी माता और अन्य प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों में बौद्धिक क्षमता और धार्मिक भावना का विकास हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का, धनेश कुमार साहू, शैल श्रीवास और सुमन कौशिक के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे छात्रों को अपनी संस्कृति और इतिहास से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिला।

## निधन

### मोंगराबाई पटेल



**गिधौरी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत कुम्हारी निवासी मोंगराबाई पटेल का रविवार शाम 4 बजे निधन हो गया था उनकी अंतिम संस्कार ग्राम के कुम्हारी के मुक्तिधाम में सोमवार सुबह किया गया। वे राजस्व ग्राम पटेल संघ जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार के कृष्ण चरण पटेल के माता थे। अंतिम संस्कार में जहां स्वजाति बंधु एवं ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल हुए और मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना किए।

